राष्ट्रीय संस्करण

# दैनिक जागरण

वर्ष 3 अंक 272

मूल्य ₹6.00, नई दिल्ली, सोमवार, 9 मार्च 2020

www.jagran.com

पृष्ठ 16



दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए पांड्या की वापसी

>>14

# सात महिलाओं ने चलाए पीएम के सोशल मीडिया अकाउंट, सुनाई अपनी कहानी

**पीएम ने सभी की उपलब्धियां बताने वाले वीडियो शेयर किए, पीएम ने कहा, इनके संघर्ष और उपलब्धियों का सम्मान कर लें प्रेरणा**

**नई दिल्ली, प्रेट्र :** इस बार का अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस कुछ खास रहा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने सभी सोशल मीडिया अकाउंट एक दिन के लिए महिलाओं के हवाले कर दिए। विभिन्न क्षेत्रों में कड़े संघर्ष के बाद कामयाबी का झंडा फहराने वालीं सात महिलाओं ने पीएम के ट्विटर, इंस्टाग्राम, फेसबुक अकाउंट और यू-ट्यूब पेज पर रविवार को अपनी कहानी बताई। लोगों ने उनसे सवाल किए और उनकी उपलब्धियों के लिए बधाई भी दी।

एक-एक कर पीएम के अकाउंट चलाने आईं इन सातों महिलाओं की संघर्ष गाथा बहुत निराली है। चेन्नई की स्नेहा मोहनदास भूखों का पेट भरने के लिए फूड बैंक नाम से संगठन चलाती हैं। बम धमाके में दिव्यांग हुईं मालविका अय्यर कठिन हालात में पीएचडी कर प्रेरक वक्ता बनीं और कई लोगों की जिंदगी बदल चुकी हैं। कश्मीर की आरिफा जान नमदा हस्तकला को बढ़ावा देकर सैकड़ों लोगों को रोजगार दे रही हैं। हैदराबाद की कल्पना रमेश लोगों को जल संरक्षण का पाठ पढ़ा रही हैं। महाराष्ट्र की विजया पवार राज्य की बंजारा हस्तशिल्प को दो दशक से बढ़ावा दे रही हैं। कानपुर की राजमिस्त्री कलावती अब तक चार हजार से अधिक शौचालय बनाकर लोगों को स्वच्छता का पाठ पढ़ा रही हैं। वहीं, मुंगेर की बीना देवी 105 गांवों के किसानों को मशरूम की खेती के लिए प्रेरित कर उनकी जिंदगी बदल चुकी हैं।

बीते सप्ताह पीएम ने सोशल मीडिया छोड़ने की बात कहकर कौतुहल पैदा कर दिया था। बाद में बताया कि महिला दिवस पर सोशल मीडिया के उनके अकाउंट महिलाओं के हवाले रहेंगे। उसी क्रम में रविवार को सात महिलाओं ने पीएम के अकाउंट चलाकर लोगों को अपने काम, अपने संघर्ष और उपलब्धियां से लोगों को परचित कराया। (पेज-3 भी देखें)



103 वर्ष की धाविका मान कौर को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में महिलाओं के लिए देश के सर्वोच्च सम्मान 'नारी शक्ति' पुरस्कार प्रदान किया गया। पुरस्कार ग्रहण करने के बाद मान कौर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सिर पर हाथ रखकर आशीर्वाद दिया। पीएम इससे गदगद नजर आए। प्रेट्र

### इन सात महिलाओं ने चलाए अकाउंट

- स्नेहा मोहनदास (चेन्नई, तमिलनाडु)
- मालविका अय्यर (कुंभकोणम, तमिलनाडु)
- आरिफा जान (श्रीनगर)
- कल्पना रमेश (हैदराबाद, तेलंगाना)
- विजया पवार (महाराष्ट्र)
- कलावती (कानपुर, उप्र)
- बीना देवी (मुंगेर, बिहार)

इन महिलाओं ने अपने अपने क्षेत्र में बड़ा काम किया है। इनके संघर्ष और उपलब्धियों ने लाखों लोगों को प्रेरित किया है। हमें इन महिलाओं की उपलब्धियों का सम्मान करने के साथ उनसे कुछ सीखना चाहिए। –प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

### पीएम के सोशल मीडिया अकाउंट फॉलोअर (आंकड़े करोड़ में)

ट्विटर 5.34

इंस्टाग्राम 3.5

फेसबुक 4.4

45.4 लाख सबस्क्राइबर यू ट्यूब पेज पर

### 16 को नारी शक्ति पुरस्कार

**नई दिल्ली :** अलग-अलग क्षेत्रों में परचम लहराने वाली 16 महिलाओं को राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने नारी शक्ति पुरस्कार से नवाजा। इनमें लड़ाकू विमान की तीन पायलट, 103 वर्ष की एथलीट और 105 वर्ष में साक्षरता मिशन के तहत कक्षा चार की परीक्षा पास करने वाली महिला शामिल हैं। हालांकि, राष्ट्रपति भवन में आयोजित सम्मान समारोह में केरल के कोल्लम की भागीरथी अम्मा शामिल नहीं हो सकीं। (पेज-3)

### ... लेकिन विश्व कप में मिली निराशा

**नई दिल्ली :** आइसीसी महिला टी-20 विश्व कप के फाइनल में भारतीय क्रिकेट टीम को ऑस्ट्रेलिया से 85 रनों से हार मिली। हालांकि, इस हार के भी सुखद परिणाम भविष्य में देखने को मिलेंगे, जो भारत में महिला क्रिकेट की जमीन को मजबूती देंगे। भारतीय टीम पहली बार टी-20 विश्व कप के फाइनल में पहुंची थी, जहां ऑस्ट्रेलिया ने पांचवीं बार खिताब जीता। (पेज-14)

## सरोकार

### घंटियों की टनटनाहट के बीच ककहरे की गूंज



**हावड़ा :** एक तरफ घंटियां तो दूसरी तरफ ककहरे की गूंज। यह नजारा हावड़ा के मंगलाहाट इलाके के नित्यधर मुखर्जी रोड के बेहद पुराने भवन में दिखता है, जहां पिछले 100 साल से भी अधिक समय से मंदिर-स्कूल साथ-साथ चल रहा है। (पेज-11)

## जागरण विशेष

### नए कश्मीर के उदय की पहचान बन रहा गुलमर्ग

**श्रीनगर :** समुद्रतल से 2650 मीटर की ऊंचाई पर स्थित गुलमर्ग की वादियां। अब नए कश्मीर के उदय की पहचान बन रही हैं। शीतकालीन खेलों के बहाने देश के 900 खिलाड़ी मिनी इंडिया की तस्वीर पेश कर रहे हैं। (पेज-11)

# यस बैंक के प्रमोटर राणा कपूर गिरफ्तार

## कसा शिकंजा ▶ सीबीआइ जांच भी शुरू, मनी लांड्रिंग के आरोप में 11 तक रिमांड पर


### कपूर के 2000 करोड़ के निवेश, 12 मुखौटा कंपनियां ईडी के रडार पर

**मुंबई, एजेंसियां :** यस बैंक के प्रमोटर राणा कपूर को मनी लांड्रिंग के आरोपों के तहत प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गिरफ्तार कर लिया। मुंबई की एक अदालत ने उन्हें 11 मार्च तक रिमांड पर भेजा है। तीस घंटे से अधिक समय से जारी छापेमारी और जांच-पड़ताल में राणा कपूर के 2000 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश, 44 बेशकीमती पेंटिंग और एक दर्जन से अधिक शेल(मुखौटा) कंपनियां अब ईडी के रडार पर हैं। सीबीआइ ने भी राणा कपूर और डीएचएफएल के प्रमोटर कपिल वधावन के खिलाफ भ्रष्टाचार के मामलों में एफआइआर दर्ज करके यस बैंक मामले की औपचारिक जांच शुरू कर दी है। जांच एजेंसी के लुक आउट सर्कुलर के चलते राणा कपूर की बेटी रोशनी को मुंबई एयरपोर्ट पर ब्रिटेन जाने से रोका गया है।

यस बैंक में 44 अरब रुपयों की वित्तीय अनियमितताओं और उसके कामकाज में कुप्रबंधन के मामले में ईडी ने 62 वर्षीय राणा कपूर को रविवार तड़के तीन बजे मनी लांड्रिंग एक्ट के प्रावधानों के तहत गिरफ्तार किया है। वह इस निजी बैंक के वर्ष 2003-2004 में संस्थापक रह चुके हैं। बाद में यस बैंक के एमडी और सीईओ भी बने लेकिन बैंकिंग मुगल को सितंबर, 2018 में बाहर का रास्ता दिखा दिया गया। गिरफ्तारी से पहले ईडी ने शुक्रवार रात को राणा कपूर के मुंबई के वर्ली स्थित आवास समुद्र महल पर छापेमारी करके उनसे तीस घंटे पूछताछ की थी। ईडी ने शनिवार को भी कपूर की तीनों बेटियों राखी कपूर टंडन, रोशनी कपूर और राधा कपूर के मुंबई और दिल्ली स्थित आवासों पर भी छापेमारी की थी। इन सभी पर इस घोटाले के मुनाफे में शामिल होने का आरोप है। इस बीच, राणा कपूर की बेटी रोशनी को ब्रिटिश एयरवेज के विमान से लंदन जाने से मुंबई एयरपोर्ट पर रोक दिया गया है। ईडी ने राणा कपूर, उनकी पत्नी और तीनों बेटियों के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर जारी किया था। ईडी के आधिकारिक सूत्रों के अनुसार कपूर परिवार की कुछ संपत्तियां लंदन में हैं। इसके दस्तावेज हासिल हो गए हैं। उनके इस अधिग्रहण के स्रोत की जांच चल रही है। कपूर परिवार ने दो हजार करोड़ रुपये के निवेश किए हैं। यह निवेश भी एक दर्जन खोखा कंपनियों के जरिये हासिल किए गए।

### 44 पेंटिंग की भी जांच, प्रियंका गांधी वाड्रा का भी नाम

राणा परिवार ने 44 पेंटिंग भी खरीदी हैं। इनमें से कुछ पेंटिंग नेताओं की हैं। कपूर ने कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा से भी दो करोड़ में पेंटिंग खरीदी है। ईडी ने राणा को विशेष अदालत में पेश किया, जहां से उन्हें तीन दिन की हिरासत में भेज दिया गया। ईडी ने कोर्ट में कहा, कपूर के परिजनों की कुछ कंपनियों की भूमिका स्थापित करने की जरूरत है। उन्हें आरोपित के सामने बैठाकर पूछताछ की जानी है।



यस बैंक के संस्थापक राणा कपूर को मुंबई में रविवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मनी लांड्रिंग मामले में गिरफ्तार कर लिया। प्रेट्र

### डूइट अर्बन वेंचर्स के जरिये दलाली

आरोप है कि डूइट अर्बन वेंचर्स (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड ने दीवान हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (डीएचएफएल) से दलाली की रकम हासिल की है। ध्यान रहे इस कंपनी को यस बैंक के प्रमोटर राणा कपूर का परिवार नियंत्रित करता है। आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि केंद्रीय जांच एजेंसी मूलत: राणा कपूर, उनकी पत्नी और तीन बेटियों के 600 करोड़ रुपये के उस फंड की जांच कर रही है जो डूइट अर्बन वेंचर्स कंपनी को मिला। यह कंपनी घोटाले की शिकार विवादास्पद रियल एस्टेट कंपनी डीएचएफएल से संबद्ध है।

**600 करोड़ रुपये लेने का आरोप :** आरोप है कि जब यस बैंक की ओर से डीएचएफएल को 3700 करोड़ का कर्ज दिया जा रहा था तो कपूर की इसी कंपनी को 600 करोड़ रुपये हासिल हुए थे। ईडी को संदेह है कि डीएचएलएफ से 13 हजार करोड़ रुपये 79 शेल कंपनियों में डाले गए हैं। इसमें से एक डूइट अर्बन वेंचर्स भी है। डीएचएफएल के प्रमोटरों और अन्य कंपनियों की किसी एक कारपोरेट कंपनी को कर्ज की राशि दिलाने में भूमिका है और इसकी दलाली की रकम राणा कपूर की पत्नी के बैंक खातों में डाली गई है।

**डीएचएफएल से जुड़े हैं तार :** ईडी ने डीएचएफएल के कपिल और धीरज वधावन को पांच कंपनियों के शेयर खरीदने में आरोपित बनाया है। इन कंपनियों के नाम फेथ रिटेलर्स, मार्वल टाउनशिप, ऐब रियल्टी, पोसीडोन रियल्टी और रैंडम रियल्टर्स हैं। इन कंपनियों पर भी 2,186 करोड़ बकाया है। यस बैंक में नकदी संकट के बाद रिजर्व बैंक ने इसके बोर्ड को 30 दिन के लिए नियंत्रण में ले लिया है। एसबीआइ के पूर्व सीएफओ प्रशांत कुमार को यस बैंक का प्रशासक बनाया है।

## जम्मू-कश्मीर में नए राजनीतिक दल 'जेके अपनी पार्टी' का उदय

**राज्य ब्यूरो, जम्मू :** आखिर जम्मू-कश्मीर में नए राजनीतिक दल का उदय हो ही गया। नाम है 'जेके अपनी पार्टी'। रविवार को पूर्व वित्त मंत्री अल्ताफ बुखारी ने विभिन्न सियासी दलों को छोड़कर आए 30 नेताओं के साथ नई पार्टी के गठन का एलान किया। उन्होंने दावा किया कि उनकी पार्टी का मकसद जम्मू-कश्मीर को फिर से राज्य का दर्जा दिलाना, शिक्षा व नौकरियों में डोमिसाइल अधिकार दिलाना है।

अपने निवास स्थान पर आयोजित पत्रकार वार्ता में बुखारी ने कहा, यह पार्टी आम लोगों द्वारा आम लोगों के लिए बनाई गई है। इसमें सभी आम लोग शामिल हैं। उन्होंने कहा, हम लोगों के बीच ऐसे सपने नहीं बेचेंगे जो पूरे नहीं हो सकते। हम लोगों की आम समस्याओं का समाधान करवाने का प्रयास करेंगे। पार्टी जम्मू-कश्मीर के लोगों के स्वाभिमान को लौटाने के लिए काम करेगी। जम्मू-कश्मीर को राज्य से केंद्र शासित प्रदेश बनाकर यहां के लोगों के स्वाभिमान को ठेस पहुंचाई गई है। बुखारी बोले, पांच अगस्त 2019 को केंद्र सरकार ने जम्मू-कश्मीर को दो केंद्र शासित प्रदेशों में बदलने की घोषणा कर यहां के विशेषाधिकार खत्म कर दिया। गत 70 सालों में यह सबसे बुरे हालात थे।

पार्टी किसी परिवार ने नहीं बनाई पेज>>6

## न्यूज गैलरी

राज-नीति ▶ पृष्ठ 4

### लापता विधायकों में एक और वापस आया, पर संकट टला नहीं

**भोपाल :** मध्य प्रदेश में रविवार को कांग्रेस के एक और असंतुष्ट विधायक बिसाहूलाल सिंह लौट आए। बेंगलुरु से भोपाल लाए गए बिसाहूलाल मुख्यमंत्री से मिले। अब भी दो विधायकों रघुराज कंषाना और हरदीप सिंह डंग की वापसी पर सस्पेंस बरकरार है।

बिजनेस ▶ पृष्ठ 12

### होली पर फिर बदलेगा मौसम, शुरू होगा बारिश का दौर

**नई दिल्ली :** पहाड़ों पर बर्फबारी का दौर रविवार को थम गया। हालांकि मंगलवार से मौसम फिर परीक्षा लेगा। बारिश के साथ ही बर्फबारी भी हो सकती है। इसका असर दिल्ली में भी दिखेगा।

अंतरराष्ट्रीय ▶ पृष्ठ 13

### अफगानिस्तान की चुनी सरकार को लेकर विवाद

**काबुल :** अफगानिस्तान में चुनी हुई सरकार को लेकर विवाद की स्थिति बन गई है। नव निर्वाचित राष्ट्रपति अशरफ गनी के सोमवार सुबह होने वाले शपथ ग्रहण समारोह के समय पर ही अब्दुल्ला अब्दुल्ला ने भी शपथ लेने की घोषणा कर दी है।

# ओखला विहार से आइएस से जुड़ा दंपती गिरफ्तार

**जागरण संवाददाता, नई दिल्ली**

**सीएए के विरोध में मुस्लिम युवाओं को भड़काने की रच रहे थे साजिश**

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने आइएस से जुड़े दो आतंकियों को ओखला विहार इलाके से रविवार को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए दोनों आतंकी पति-पत्नी हैं। उनकी पहचान जहनजैब सामी और उसकी पत्नी हीना बशीर बेग के रूप में हुई है। दोनों मूलरूप से श्रीनगर के शिवपोरा इलाके के रहने वाले हैं। आतंकियों के संबंध इस्लामिक स्टेट ऑफ खुरासान प्रोविंस (आइएसकेपी) से हैं। वे अगस्त से दिल्ली में थे। दंपती ने एमबीए व बीटेक की पढ़ाई कर रखी है। ये दोनों सीएए विरोध की आड़ में मुस्लिम युवाओं को भड़काकर आतंकी वारदात को अंजाम देने की जुगत में थे। उनके पास से लैपटाप, हार्ड डिस्क व मोबाइल फोन बरामद हुआ है। उनमें संवेदनशील व भड़काऊ सामग्री मिली है। फिलहाल पुलिस अधिकारी दोनों से पूछताछ कर रहे हैं। पूछताछ के बाद इनसे जुड़े एक बड़े नेटवर्क का पर्दाफाश हो सकता है।



जहनजैब सामी



हीना बशीर बेग

### निजी कंपनी में नौकरी करता है जहनजैब सामी

स्पेशल सेल के डीसीपी प्रमोद सिंह कुशवाहा ने बताया कि गिरफ्तार जहनजैब सामी और उसकी पत्नी हीना बशीर बेग सीएए के खिलाफ चल रहे प्रदर्शन में मुस्लिम युवाओं को हिंसा करने के लिए भड़का रहे थे। पूछताछ में पता चला कि जहनजैब सामी दिल्ली में एक निजी कंपनी में काम कर रहा था।

आइएस के लिए करते थे भर्ती पेज>>2

# कोरोना के सात नए मामले, दो संदिग्धों की मौत

**केरल में पांच और उत्तर प्रदेश में दो नए मामले सामने आए**

**केरल में वायरस प्रभावित देशों से लौटने की जानकारी छिपाना अपराध, सख्त कानूनी कार्रवाई की चेतावनी**

**नई दिल्ली, एजेंसियां :** देश में कोरोना वायरस से संक्रमित लोगों की संख्या लगातार बढ़ रही है। रविवार को कोरोना वायरस के कुल सात मामले सामने आए, जबकि बंगाल और लद्दाख में दो संदिग्ध मरीजों की मौत हो गई। नए मामलों में पांच केरल और दो उत्तर प्रदेश के हैं। केरल में जो पांच मामले सामने आए हैं, उनमें से तीन लोग 29 फरवरी को इटली से लौटे थे, लेकिन उन्होंने न सिर्फ यह जानकारी छिपाई, बल्कि कोचीन इंटरनेशनल एयरपोर्ट से स्क्रीनिंग से बचकर भी निकल गए थे। ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है, जो विदेश से लौटने की जानकारी छिपा रहे हैं।

नए मामलों को मिलाकर देश भर में कोरोना से संक्रमित लोगों की संख्या 44 हो गई है। हालांकि, आधिकारिक आंकड़ा 39 है, लेकिन इनमें पंजाब के पिता-पुत्र, दिल्ली के पेटीएम कर्मचारी की पत्नी, आगरा के पीड़ित जूता कारोबारी के अकाउंट मैनेजर और उसकी पत्नी की संख्या शामिल नहीं है, जिनके शुरुआती जांच नतीजे तो पॉजिटिव आए हैं, लेकिन दूसरी जांच रिपोर्ट आनी है। जूता कारोबारी के परिवार के पांच लोग पहले से ही दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में भर्ती हैं। अब उनके अकाउंट मैनेजर और उसकी पत्नी को भी सफदरजंग अस्पताल रेफर कर दिया गया है। गाजियाबाद में भी एक व्यक्ति के संक्रमित होने की पुष्टि हुई है।

दूसरी ओर, बंगाल के मुर्शिदाबाद और लद्दाख के लेह में रविवार को कोरोना के एक-एक संदिग्ध मरीजों की मौत हो गई है। मुर्शिदाबाद मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया युवक कुछ दिन पहले ही सऊदी अरब से लौटा था। ब्लड प्रेशर व डायबीटीज से पीड़ित युवक को शनिवार को कोरोना के संदेह में ही डॉक्टरों ने अस्पताल के आइसोलेशन वार्ड में भर्ती किया था।

उसके खून के सैंपल को जांच के लिए भी भेजा गया है, लेकिन रिपोर्ट आने से पहले ही उसकी मौत हो गई। 26 फरवरी को ईरान से लौटे तीन लोगों को लेह के अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इनमें से दो के कोरोना से संक्रमित होने की पुष्टि हुई थी। तीसरे व्यक्ति के सैंपल को जांच के लिए पुणे स्थित एनआइवी भेजा गया है। रिपोर्ट आने से पहले ही 73 वर्षीय उस व्यक्ति की मौत हो गई। इसलिए दोनों ही मामलों में कोरोना से मौत की पुष्टि नहीं की गई है, जांच रिपोर्ट का इंतजार है।

**एम्स-जिपमेर से आइसोलेशन वार्ड बनाने को कहा :** स्वास्थ्य मंत्रालय ने दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) और पांडिचेरी स्थित जवाहर लाल इंस्टीट्यूट ऑफ पोस्ट ग्रेजुएट मेडिकल एजुकेशन एंड रिसर्च (जिपमेर) से कोरोना वायरस से पीड़ित मरीजों को अपने यहां भर्ती करने की सुविधा तैयार करने को कहा है।

वेनिस से दोहा होते हुए कोच्चि लौटा था पेज>>5

### वायरस का बढ़ता खौफ, कहीं लगी रोक कहीं कार्यक्रम स्थगित

- अरुणाचल प्रदेश में विदेशियों के प्रवेश पर रोक लगा दी गई है। मुख्य सचिव ने बताया कि विदेशी नागरिकों को फिलहाल प्रोटेक्टेड एरिया परमिट नहीं जारी किए जा रहे हैं।
- अरुणाचल प्रदेश के पूर्वी सियांग जिले के पासीघाट में सुबू केना नामक व्यक्ति के खिलाफ फेसबुक पर कोरोना वायरस के बारे में गलत सूचना फैलाने के आरोप में केस दर्ज किया गया है। उसने कहा था कि कोरोना वायरस पासीघाट तक पहुंच गया है।
- गुवाहाटी में 33वें पुस्तक मेले को फिलहाल टाल दिया गया है। 14 से 25 मार्च तक पुस्तक मेले का आयोजन होना था।
- न्यू मंगलुरु पोर्ट से पनामा के क्रूज जहाज 'एमएससी लिरिका' को शनिवार को वापस कर दिया गया। केंद्रीय जहाजरानी मंत्रालय ने सभी पोर्ट को विदेश से आने वाले जहाज को आने की अनुमति नहीं देने का निर्देश दिया है।
- केरल के प्रसिद्ध अट्टुकल पोंगल समारोह पर रोक नहीं लगाई गई है। अट्टुकल भगवती को समर्पित यह त्योहार सोमवार को परंपरागत तरीके से मनाया जाएगा।

## पहल

मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने योजना तैयार कर राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों को भेजी, प्रत्येक कक्षा में नियुक्त होगा एक पोषण मॉनीटर, देश के करीब 50 फीसद बच्चे कुपोषण से ग्रसित

# स्कूलों में हर बच्चे का तैयार होगा पोषण कार्ड

**अरविंद पांडेय, नई दिल्ली**

कुपोषण के खिलाफ जंग अब तेज होगी। स्कूलों में पढ़ने वाले प्रत्येक बच्चे के रिपोर्ट कार्ड की तरह अब पोषण कार्ड भी तैयार होगा, जिसमें उसकी सेहत से जुड़ी सारी जानकारी मौजूद होगी। यानी बच्चे की उम्र, लंबाई, वजन कितना है, साथ ही वह नाश्ता करता है या नहीं? खाने में क्या खाता है? अंतिम बार बीमार कब हुआ था, आदि पूरा ब्योरा मौजूद होगा।

मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने इसे लेकर एक विस्तृत योजना तैयार कर सभी राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों को अमल के लिए भेजा है। मंत्रालय ने इसके साथ ही कुपोषण से निपटने के लिए एक और बड़ी पहल की है। इसके तहत स्कूलों की प्रत्येक कक्षाओं में अब एक पोषण मॉनीटर तैनात किया जाएगा। वह कक्षा में पढ़ने वाले प्रत्येक बच्चे पर सिर्फ इस बात को लेकर निगाह रखेगा कि बच्चे ने खाने से पहले हाथ साफ किया था या नहीं। उसके नाखून कटे हुए हैं या नहीं, आदि।



प्रतीकात्मक फोटो

### क्या है कुपोषण

- कुपोषण की जिक्र आते ही अब तक किसी दुबले-पतले से बच्चे की छवि ही मन में आती है। लेकिन, असल में ऐसा नहीं है।
- बच्चों में कुपोषण की समस्या अब अनेक रूपों में देखने को मिल रही है, जो उनकी शारीरिक वृद्धि से लेकर मोटापा आदि से जुड़ी होती है।
- कम उम्र में डायबिटीज, हीमोग्लोबिन कम होना आदि भी इसमें आते हैं। बच्चों में मिनरल्स और विटामिन आदि की कमी भी इसके लक्षण हैं।

राज्यों को दिए गए निर्देश में मंत्रालय ने इसके साथ ही कुपोषण से निपटने के लिए पहले से उठाए जा रहे कदमों को जारी रखने पर भी जोर दिया है। इसमें उन्हें मिड-डे मील के तहत अच्छी गुणवत्ता वाला खाना देने जैसी पहल शामिल है।

गौरतलब है कि देश के करीब 50 फीसद बच्चे किसी न किसी रूप से कुपोषण से ग्रसित हैं। हालांकि, कुपोषण की समस्या से अकेले भारत प्रभावित नहीं है, बल्कि पूरी दुनिया इससे जूझ रही है। कुपोषण पर संयुक्त राष्ट्र की 'द स्टेट ऑफ द वर्ल्ड्स चिल्ड्रन 2019' रिपोर्ट के मुताबिक दुनियाभर में कुपोषण से करीब 70 करोड़ बच्चे प्रभावित है। इनमें पांच साल या उससे कम उम्र का हर तीसरा बच्चा कुपोषित है।

# 87 सेवानिवृत्त अफसरों को सरकारी फ्लैट खाली करने का आदेश

**राज्य ब्यूरो, नई दिल्ली**

**पीडब्ल्यूडी ने कहा, आवास छोड़ने के साथ ही बकाया चार करोड़ का करें भुगतान**

**टाइप-वन के 27, टाइप टू के 49 और टाइप थ्री के 11 फ्लैट में है अवैध कब्जा**

दिल्ली सरकार ने 87 सेवानिवृत्त अफसरों और अन्य लोगों से सरकारी फ्लैट तुरंत खाली करने और करीब चार करोड़ रुपये की देनदारी का भुगतान करने को कहा है। सरकार ने सेवानिवृत्त होने के बावजूद सरकारी फ्लैटों को खाली नहीं करने वाले अधिकारियों को बेदखल करने का आदेश जारी करते हुए चेतावनी दी है कि अगर वे आदेश का अनुपालन नहीं करेंगे तो उन्हें उनके सामान के साथ फ्लैट से बाहर निकाला जाएगा।

पिछले महीने लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) ने सभी सरकारी फ्लैट पर जाकर सर्वेक्षण किया था। अधिकारियों को 24 फरवरी तक रिपोर्ट देने को कहा गया था। इस अभियान का उद्देश्य दिल्ली में सरकारी फ्लैट में गैर कानूनी रूप से रह रहे लोगों का पता लगाना था। एक सरकारी अधिकारी के मुताबिक, पीडब्ल्यूडी की ओर से 25 फरवरी को इस संबंध में जारी आदेश में कहा गया है कि 27 सेवानिवृत्त अधिकारियों ने टाइप-वन फ्लैट पर कब्जा कर रखा है, जिन्हें 58.16 लाख रुपये की देनदारी जमा कराने को कहा गया है।

लोक निर्माण विभाग के इस आदेश में कहा गया कि आदेश का अनुपालन नहीं करने पर सार्वजनिक परिसर (अनधिकृत निवासियों का निष्कासन) कानून -1971 के तहत कार्रवाई करते हुए सरकारी फ्लैट खाली कराए जाएंगे।

विभाग के उच्चाधिकारियों ने कहा कि करीब 49 सेवानिवृत्त अधिकारियों ने टाइप-टू फ्लैट खाली नहीं किए हैं। ऐसे लोगों को आवास खाली करने के साथ ही 2.19 करोड़ रुपये का बकाया देने को भी कहा गया है। उन्होंने बताया कि 11 अनधिकृत निवासी ऐसे हैं जिन्होंने टाइप-थर्ड फ्लैट पर कब्जा कर रखा है और उन्हें तुरंत फ्लैट खाली करने और 1.2 करोड़ रुपये का भुगतान करने को कहा गया है। उल्लेखनीय है कि यह कदम दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा आवास मंत्रालय को अनधिकृत रूप से 550 फ्लैट पर सेवानिवृत्त अधिकारियों द्वारा कब्जा जमाए रखने पर लगाई गई फटकार के बाद उठाया गया है।